नव भारत

## एक नजर में



### फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति को पांच साल की जेल

**पेरिस.** फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को लीबियाई नेता कर्नल मुअम्मर गद्दाफी से लाखों यूरो के अवैध धन से संबंधित एक मामले में आपराधिक साजिश का दोषी पाए जाने के बाद पांच साल की जेल की सजा सुनाई गई है। वहीं पेरिस आपराधिक अदालत ने उन्हें भ्रष्टाचार और चुनाव अभियान में धन के अवैध के इस्तेमाल सहित अन्य सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है. वहीं सरकोजी का दावा है कि यह मामला राजनीति से प्रेरित है. जबकि उन पर आरोप है कि उन्होंने 2007 में गद्दाफी से धन लेकर उसका उपयोग अपने सफल चुनाव अभियान के लिए किया था.

# जल सुरक्षा पर राष्ट्रीय पहल

## केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने किया शुभारंभ

**नईदिल्ली। केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा केंद्रीय जल शक्ति मंत्री चंद्रकांत रघुनाथ पाटिल ने नई दिल्ली, कृषि भवन से संयुक्त रूप से 'जल सुरक्षा पर राष्ट्रीय पहल' का शुभारंभ किया।**

इस अवसर पर कार्यक्रम में केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल संचय को सर्वोच्च प्राथमिकता देते रहे हैं। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में काउंसिल ऑफ़ मिनिस्टर्स की बैठक में एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मनरेगा के 88,000 करोड़ के बजट में से रेन वॉटर हार्वेस्टिंग हेतु



65 फीसदी राशि डार्क ज़ोन जिलों, 40 प्रतिशत राशि सेमी-क्रिटिकल जिलों तथा 30 प्रतिशत राशि अन्य जिलों के लिए निर्धारित की है। यह निर्णय जल सुरक्षा और ग्रामीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। यह नीतिगत परिवर्तन पिछले 11 वर्षों (2014 से) में ग्रामीण विकास और जल संरक्षण में मनरेगा की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर आधारित है। इस अवधि के दौरान, यह योजना लगभग 8.4 लाख करोड़ के व्यय और 3000 करोड़ से अधिक मानव-दिवस रोजगार सृजन के साथ दुनिया का सबसे बड़ा सामाजिक कल्याण कार्यक्रम बन गई है। उल्लेखनीय रूप से, महिलाओं की भागीदारी 2014 के 48ब से बढ़कर 2025 में 58 फीसदी हो गई है। इस योजना के तहत, कृषि तालाबों, चेकडैम और सामुदायिक तालाबों जैसे 1.25 करोड़ से अधिक जल संरक्षण परिसंपत्तियाँ बनाई गई हैं।

> पहल की शुरुआत पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में, ग्रामीण विकास मंत्रालय ने महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत जल सुरक्षा को एक राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया है, जिसके तहत देश के जल-संकटग्रस्त ग्रामीण ब्लॉकों में जल-संबंधी कार्यों को प्राथमिकता देने के लिए महात्मा गांधी नरेगा अधिनियम, 2005 की अनुसूची में संशोधन किया गया है।

# धर्मेंद्र प्रधान बिहार चुनाव प्रभारी

## सीआर पाटिल और केशव प्रसाद मौर्य बिहार में सहप्रभारी बने

**नई दिल्ली 25 सितंबर। बीजेपी ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए बड़ा ऐलान करते हुए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को चुनाव प्रभारी बनाया है। प्रधान के साथ केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को चुनाव सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा भी कई अन्य पदों पर पार्टी ने नेताओं को जिम्मेदारी दी है।**



धर्मेंद्र प्रधान | सीआर पाटिल | केशव प्रसाद मौर्य

बिहार में बहुत जल्द विधानसभा के चुनाव होने हैं। इस बीच, एनडीए और महागठबंधन में शामिल दल सीटों के बंटवारे के काम में जुट गए हैं हालांकि दोनों ही गठबंधनों के लिए सीटों का बंटवारा करवाना इतना आसान नहीं है, क्योंकि सभी राजनीतिक दल ज्यादा से ज्यादा हिस्सेदारी और भागीदारी की मांग कर रहे हैं। बीजेपी ने बिहार ही नहीं बल्कि अगले साल होने वाले पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए भी प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं। बीजेपी ने पश्चिम बंगाल के लिए केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को चुनाव प्रभारी बनाया है वहीं, बिप्लब कुमार देब को सह-प्रभारी की जिम्मेदारी दी है। इसके अलावा तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए बैजयंत पांडा को चुनाव प्रभारी और मुरलीधर मोहोल को चुनाव सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है।

धर्मेंद्र प्रधान वर्तमान में केंद्रीय शिक्षा मंत्री और भाजपा के एक अनुभवी संगठनकर्ता हैं। मोदी और शाह की टीम के भरोसेमंद सदस्य हैं।

लोकसभा समेत ओडिशा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, कर्नाटक में संगठनात्मक मजबूती और उम्मीदवारों के बीच तालमेल बैठाने में अहम भूमिका निभाई है। सभी चुनाव में पार्टी की जीत हुई। बिहार जैसे जटिल जातीय समीकरण वाले राज्य में उनकी संगठन क्षमता और चुनाव प्रबंधन का अनुभव पार्टी के लिए फायदेमंद हो सकता है।

# शाहरुख-गौरी पर मानहानि का केस

**नई दिल्ली 25 सितंबर. आईआरएस अधिकारी समीर वानखेड़े ने मानहानि का मुकदमा माननीय दिल्ली हाई कोर्ट में दायर किया है. यह याचिका स्थायी एवं अनिवार्य निषेधाज्ञा, घोषणा और हर्जाने की मांग से संबंधित है.**

मुकदमा अभिनेता शाहरुख खान और गौरी खान की कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट प्रा. लि., ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स और अन्य पक्षों के खिलाफ दायर



किया गया है. समीर वानखेड़े का आरोप है कि रेड चिलीज द्वारा निर्मित और नेटफ्लिक्स पर प्रसारित वेब सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड झूठी, दुर्भावनापूर्ण और मानहानिकारक है. इस सीरीज के माध्यम से नशीले पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करने वाली एजेंसियों की नेगेटिव और भ्रामक छवि पेश की गई है, जिससे जनता का कानून प्रवर्तन संस्थाओं पर विश्वास कमजोर हो रहा है. वानखेड़े ने कहा कि ये सीरीज जानबूझकर इस प्रकार बनाई गई है, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल किया जा सके, खासकर तब जबकि समीर वानखेड़े बनाम आर्यन खान मामला वर्तमान में माननीय बॉम्बे हाई कोर्ट और एनडीपीएस विशेष अदालत, मुंबई में विचाराधीन है.

# नायब तहसीलदार की हार्ट अटैक से मौत

- **कार चलाकर एयरपोर्ट पर छोड़ने पहुंचे थे अधिकारी को**
- **टीकमगढ़ से उनका ट्रांसफर भोपाल में किया गया था**

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 25 सितबंर.** राजा भोज एयरपोर्ट पर गुरूवार को पहुंचे नायब तहसीलदार की हार्ट अटैक से मौत हो गई. अधिकारी को एयरपोर्ट पर छोड़ने के लिए उनके साथ आए नायाब तहसीलदार को



अचानक से सीने में दर्द महसूस हुआ था. बेचैनी बढ़ जाने पर उनके मौजूद साथी तुरंत उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे. जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के दौरान ही दिनेश साहू को मृत घोषित कर दिया. शव को पीएम रिपोर्ट के लिए भेज दिया गया है. जानकारी के अनुसार मृतक नायब तहसीलदार दिनेश साहू की ड्यूटी पूर्व चुनाव आयुक्त ओपी रावत के कार्यालय में चल रही थी. पूर्व चुनाव आयुक्त की लाइजनिंग के लिए नायब तहसीलदार साहू को लॉयजन ऑफिसर बनाया गया था.

राजस्व निरीक्षक से नायब तहसीलदार के रूप में दिनेश साहू का प्रमोशन करीब दो साल पहले हुआ था. टीकमगढ़ में से उनका ट्रांसफर भोपाल में किया गया था.

# ईसी ने वोटों की गिनती के नियमों में किया बदलाव

**नई दिल्ली. चुनाव आयोग ने चुनावों में डाक मत-पत्र (पीबी) और इलेक्ट्रानिक विधि से भेजे गए डाक मत-पत्रों (ईटीपाबी) की गिनती इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के मतों की मतगणना के अंतिम दो दौर की गिनती से पहले पूरा कराने का निर्णय लिया है।**

आयोग के इस निर्णय के अनुसार संबंधित मतगणना केंद्रों पर डाक मत-पत्रों की गणना पूरी होने के बाद ही ईवीएम और वीवीपीएसटी के अंतिम दो दौर की गिनती कराई जाएगी। लोक सभा और विधान सभा चुनावों में ऐसे मत-पत्रों की गिनती फिलहाल मतगणना के दिन सबसे पहले सुबह आठ बजे शुरू की जाती है और इलेक्ट्रानिक मतदान मशीनों (ईवीएम) के वोट और वीवीपीएटी की गिनती 8:30 बजे शुरू करायी जाती है।




